12.30 hrs.

Title: Regarding reported illegal selling of kidney, eyes and other human organs in Bokaro General Hospital in Jharkhand.

अध्यक्ष महोदय : कृपया सदन में शांति बनाए रखें।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष जी, मैंने आपको झारखंड के बोकारो जनरल अस्पताल के सम्बन्ध में कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। मैं जिस अस्पताल के सम्बन्ध में यहां मामला उठा रहा हूं, वह राज्य सरकार का नहीं है, केन्द्र सरकार का है और स्टील अथोरिटी आफ इंडिया लि. के अंतर्गत आता है। बोकारो जनरल अस्पताल में खुलेआम मानव अंगों की खरीद-फरोख्त करने वाला रैकेट सक्रिय है। किसी मरीज की वहां किडनी निकाल ली जाती है, किसी की आंख निकाल ली जाती है। इस प्रकार की कई वारदातों की खबरें समाचार पत्रों में कई बार छप चुकी हैं। इससे वहां के लोगों में काफी आक्रोा है और दो दिन से बोकारो बंद है। वहां हर पार्टी के लोग इस बात को लेकर नाराज हैं। हमारी पार्टी की महिला सैल की अध्यक्षा सावित्री लाल को जेल में बंद कर दिया गया है। इसके अलावा नयनझरी देवी, अनिस सिंह, सोना देवी, राजकुमारी देवी, आशा देवी, बिंदु सिंह, उमेश्वरी देवी, शारदा देवी, ये सब जो आंदोलन कर रहे थे, उनको जेल में बंद कर दिया गया है। इनका कसूर यही है कि ये सब इन रेकेटियर्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हैं।

मैं एक घटना के ऊपर सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और यह भी चाहूंगा कि सरकार उस पर जांच कराकर अपनी रिपोर्ट दे। यह घटना एक आदमी शैलेश कुमार सिन्हा के साथ घटित हुई है। उनकी उम्र 35 साल थी और वे गिरिहीड के निवासी हैं। उनके 12 साल का एक लड़का साकेत और दस साल की एक लड़की शिल्पी है। शैलेश कुमार सिन्हा विश्वनाथ नर्सिंग होम में जाकर भर्ती हुए और वहां से 16 तारीख को उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां उन्हें सी.सी.यू. में रखा गया। 19 तारीख को दिन में 11 बजे उनके परिवार को सूचना दी गई कि आठ बजकर पचपन मिनट पर वह आदमी मर गया है। उसके परिवार के लोगों से कहा गया कि आप 1700 रुपए जमा कराकर उसका शव ले जा सकते हैं। जब उसके परिवार के लोग शव लेने गए तो वहां लाश नहीं थी। उसके बाद पता किया तो मालूम पड़ा कि उसकी किडनी और आंखें निकालकर लाश को जला दिया गया। इस घटना को लेकर पूरा बोकारो दो दिन से बंद है। यह किसी पार्टी का मामला नहीं है। भारत सरकार को इस सम्बन्ध में ध्यान देना चाहिए और इसकी जांच करके इस तरह का प्रयास करना चाहिए कि जो लोग अस्पताल में इलाज के लिए जाते हैं, उनके साथ इस तरह की वारदात न हो।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Shri Advani, he has raised a very serious matter of wrongful removal of kidneys and eyes. Please intervene in this matter.

श्री राम विलास पासवान : जब इस घटना का जिक्र समाचार पत्रों में आया तो इसको लेकर हर पार्टी के लोग आंदोलन कर रहे हैं और दो दिन से बोकारो बंद है। हम लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी के लोग भी हैं, भारतीय जनता पार्टी के लोग भी हैं, कुल मिलाकर सभी दल इस बात पर आंदोलन कर रहे हैं। जो लोग आंदोलन कर रहे हैं, पुलिस उन पर दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। हमारी पार्टी की महिला विंग की अध्यक्षा सावित्री लाल एक दर्जन महिलाओं के साथ जेल में बंद है। मान वीयता की दृटि से भी यह काम सही नहीं है और इस प्रकार का कोई रैकेट नहीं चलना चाहिए। आप इसकी जांच कराएं तो आपकी बहुत कृपा होगी।

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND IN CHARGE OF THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRI L.K. ADVANI): Sir, I will ascertain the facts from the State Government on this.

____